# उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
## टी0सी0–12वी0, विभूति खण्ड,
## गोमती नगर, लखनऊ।

**विज्ञापन संख्या–H34965/ए0एस0 कैम्प(118)/2025, दिनांक–20.11.2025**

उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, टी0सी0–12वी0, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ द्वारा नितान्त वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न पदों पर संविदा के माध्यम से रखा जाना प्रस्तावित है। पदों की सख्या, शैक्षिक अर्हता एवं आयु सीमा का विवरण निम्नानुसार हैः–

**अंतिम तिथिः 29.11.2025**

| क्र0 सं0 | पदनाम | पदों की संख्या | शैक्षिक अर्हता/अनुभव | संविदा की अवधि | नियत वेतन प्रतिमाह(रूपया) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक पर्यावरण अभियन्ता | 27 | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से रसायन अभियांत्रिकी/रसायन प्रौद्योगिकी/सिविल अभियंत्रिकी/पर्यावरण अभियांत्रिकी में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उनके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता के साथ पर्यावरण/प्रदूषण नियंत्रण/जन–स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। | 03 माह | 56,100/– |
| 2. | सहायक वैज्ञानिक अधिकारी | 15 | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र/जन्तु विज्ञान /वनस्पति विज्ञान /जैव रसायनिकी में डाक्टरेट उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी अर्हता के साथ पर्यावरण/प्रदूषण नियंत्रण/जन–स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव,<br>अथवा<br>भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र/जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/जैव रसायनिकी में स्नात्कोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त किसी अर्हता के साथ पर्यावरण/प्रदूषण नियंत्रण/जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में पांच वर्ष का अनुभव। | 03 माह | 56,100/– |
| 3. | अवर अभियन्ता | 38 | जनस्वास्थ्य/सिविल/ रसायन/पर्यावरण अभियांत्रिकी में डिप्लोमा के साथ पर्यावरण/प्रदूषण नियंत्रण/जन–स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। | 03 माह | 35,400/– |
| 4. | वैज्ञानिक सहायक | 15 | भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से जन्तु विज्ञान/वनस्पति विज्ञान/ रसायन शास्त्र/जैव रसायनिकी/पर्यावरण विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता के साथ पर्यावरण/प्रदूषण नियंत्रण/जन–स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। | 03 माह | 35,400/– |
| 5. | विधि सहायक | 05 | (एक) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।<br>(दो) एडवोकेट/वकील/ बैरिस्टर/एटोरनी के रूप में तीन वर्ष का अनुभव। | 03 माह | 35,400/– |
| 6. | लेखाकार/लेखा परीक्षक | 23 | (1) भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से किसी एक विषय के रुप में लेखा कर्म के साथ वाणिज्य में स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई अर्हता।<br>(2) किसी सरकारी या अर्द्ध सरकारी संगठन में लेखा कर्म के क्षेत्र में एक वर्ष का अनुभव। | 03 माह | 35,400/– |
| 7. | आशुलिपिक | 29 | (1) उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा।<br>(2) हिन्दी आशुलिपि में 80 शब्द प्रति मिनट की और हिन्दी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट की गति।<br>(3) अंग्रेजी आशुलिपि में 60 शब्द प्रति मिनट की और अंग्रेजी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट की गति। | 03 माह | 35,400/– |
| 8. | कनिष्ठ सहायक | 33 | इण्टरमीडिएट के साथ–साथ कम्प्यूटर संचालन का डोयक (DOEACC) सोसाइटी द्वारा प्रदत्त ''सी0सी0सी0'' प्रमाण पत्र अथवा ''सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष | 03 माह | 21,700/– |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्तर का प्रमाण–पत्र'' तथा हिन्दी/ अंग्रेजी में कम से कम क्रमशः 25/30 शब्द प्रति मिनट की टंकण गति। | | |
| 9. | प्रयोगशाला सहायक | 02 | माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की विज्ञान के साथ इण्टरमीडिएट परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा के साथ पर्यावरण/प्रदूषण नियंत्रण/जन–स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। | 03 माह | 19,900/– |
| 10. | अनुश्रवण सहायक | 37 | माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश की विज्ञान के साथ इण्टरमीडिएट की परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा के साथ पर्यावरण/प्रदूषण नियंत्रण/जन–स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। | 03 माह | 19,900/– |
| कुल | | 224 | | | |

नोटः लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षण के संबंध में सूचना बोर्ड की वेबासाइट पर उपलब्ध है।

**विज्ञापित पदों के लिये अन्य शर्तें:–**

1. संविदा के उक्त पदों पर नियुक्ति आगामी 03 माह तक के लिये की जायेगी।
2. संविदा पर नियुक्त होने वाले अभ्यर्थी को उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुख्यालय, लखनऊ या राज्य बोर्ड के किसी क्षेत्रीय कार्यालय में रखा जा सकता है।
3. अभ्यर्थी के लिये भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है।
4. **आयु सीमाः** अभ्यर्थी की आयु 01 जुलाई, 2025 को 21 वर्ष पूर्ण होनी चाहिये और अधिकतम आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिये परन्तु अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और ऐसे अन्य श्रेणी के लिये जिन्हें सरकार द्वारा समय–समय अधिसूचित किया गया हो, अभ्यर्थियों की दशा में अधिकतम आयु सीमा में उतने वर्ष की छूट होगी, जितनी उ0प्र0 शासन द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट किया गया है। आयु सीमा में छूट प्राप्त करने के लिये संबंधित श्रेणी के जाति प्रमाण–पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
5. प्रत्येक पद के लिये शैक्षिक अर्हता, वेतन एवं अनुभव उपर्युक्त वर्णित तालिका के अनुसार होगा।
6. अभ्यर्थियों का चयन गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी।
7. **आवेदन शुल्कः** अभ्यर्थियों द्वारा किसी भी प्रकार का आवेदन शुल्क नहीं दिया जाना है। अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार हेतु आने–जाने का व्यय स्वयं वहन किया जायेगा।
8. अभियोजन न चलाए जाने तथा दण्ड न पाने के संबंध में स्वयं द्वारा हस्ताक्षरित शपथ–पत्र/घोषणा–पत्र।
9. इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन–पत्र निम्न आवेदन प्रारुप पर नवीन्तम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ चस्पा करते हुए समस्त प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ दिनांक–29.11.2025 के सायं 6:00 बजे तक स्पीड पोस्ट/स्वयं से उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, टी0सी0 12वी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 के पते पर भेजें। उक्त पते एवं निर्धारित तिथि पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर ही विचार किया जाएगा।
10. संविदा हेतु साक्षातकार की सूचना उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वेबसाईट www.uppcb.up.gov.in पर प्रदर्शित किया जायेगा।
11. चयनित अभ्यर्थी को आयु की सत्यापन हेतु हाई स्कूल का मूल प्रमाण–पत्र एवं शैक्षिक/अन्य अर्हता संबंधी बिन्दु के सत्यापन हेतु विज्ञापन में संबंधित पद हेतु शैक्षिक अर्हता/अनुभव संबंधी मूल प्रमाण–पत्र यथासमय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
12. यदि यह पाया जाता है कि आवेदनकर्ता ने कोई तथ्य छिपाया है या गलत बताया है तो उसका अभ्यर्थन किसी भी समय तथा किसी भी स्तर पर निरस्त कर दिया जायेगा।

**अध्यक्ष,**
**उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।**

–0–